भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2671

दिनांक 11 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

जम्मू और कश्मीर में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण योजनाओं का कार्यान्वयन

2671 श्री गुलाम अलीः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान जम्मू और कश्मीर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) सेहत योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), पीएम-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम), ई-संजीवनी, मिशन इंद्रधनुष और निक्षय के कार्यान्वयन का जिला -वार ब्यौरा क्या है;

(ख) लाभार्थियों, उन्नयन किए गए अस्पतालों, परिचालनरत स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों की जिला-वार संख्या कितनी है, और आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि कितनी है;

(ग) वे जिले कौन-कौन से हैं जहां कार्यान्वयन में देरी हुई है और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सभी जिलों में सबके लिए स्वास्थ्य सेवा कवरेज हेतु सुधारात्मक उपाय और समय-सीमा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ) 'जन स्वास्थ्य और अस्पताल' राज्य के विषय हैं और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसमें भारत की आर्थिक रूप से कमजोर आबादी के निचले 40% हिस्से के 12.37 करोड़ परिवारों से संबंधित लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को मध्यम और विशिष्ट स्तर की अस्पताल भर्ती के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। हाल ही में, 4.5 करोड़ परिवारों से संबंधित 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को भी शामिल करने के लिए इस योजना का विस्तार किया गया है, भले ही वय वंदन कार्ड के साथ एबी पीएम-जेएवाई के अंतर्गत उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो।

जम्मू और कश्मीर (जे एंड के) की राज्य स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को आयुष्मान भारत पीएम-जय सेहत योजना के साथ लागू किया गया है। जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में कुल 25 लाख परिवार इस योजना के अंतर्गत आते हैं, जिनमें से 6.70 लाख परिवार एबी पीएम-जय सेहत योजना में शामिल हैं, जबकि शेष पात्र परिवार केवल एबी पीएम-जय सेहत योजना के अंतर्गत आते हैं। पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26) के लिए पीएम -जय सेहत योजना के तहत अधिकृत अस्पताल भर्तियों का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अन्तर्गत जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र सहित पूरे देश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा केंद्रों की उपलब्धता और पहुंच में सुधार करने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता और स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सहायता प्रदान की जाती है, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचडब्ल्यू) एनएचएम के तहत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र सहित राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को जन स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही अभिलेख (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों को मंजूरी देती है।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) जिसका परिव्यय 64,180 करोड़ रुपये है, का उद्देश्य देश में उप-स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी), शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (यू-एएएम), ब्लॉक जन स्वास्थ्य इकाइयों (बीपीएचयू), एकीकृत जिला जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं (आईपीएचएल) और गहन चिकित्सा अस्पताल ब्लॉकों (सीसीबी) के लिए अवसंरचना विकास हेतु सहायता प्रदान करना है।

पिछले पांच वित्त वर्षों यानि 2021-22 से 2025-26 के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम- एबीएचआईएम) के तहत जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र को जारी किए गए केंद्रीय निधियों का विवरण नीचे दिया गया है:

(रुपये करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	एनएचएम के अंतर्गत केंद्रीय निर्गत	पीएम-एबीएचआईएम के अंतर्गत केंद्रीय निर्गत
2021-22	459.10	16.11
2022-23	651.52	1.00
2023-24	805.22	44.01
2024-25	1,040.76	60.44
2025-26	1,017.14	49.69

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) ने जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र सहित देश के सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में ई-संजीवनी सेवा लागू की है। 31 जुलाई 2026 तक की स्थिति के अनुसार, ई-संजीवनी के माध्यम से देशभर में 48.9 करोड़ से अधिक मरीजों को सेवा प्रदान की जा चुकी है। यह सेवा

1,41,368 स्वास्थ्य केंद्रों (स्पोक्स) के विशाल नेटवर्क के माध्यम से संचालित है, जिसमें 19264 हब और 776 ऑनलाइन ओपीडी का शामिल हैं, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक निरंतर पहुंच सुनिश्चित होती है। जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में प्रदान किए गए जिला-वार टेलीकंसल्टेशन की जानकारी **अनुलग्नक – II** में दी गई है।

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों में आयोजित गहन मिशन इंद्रधनुष दौरों का विवरण ***अनुलग्नक- III*** *में दिया गया है।*

सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तत्वावधान में जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र सहित देश के सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू किया है। प्रमुख रणनीतियों में लक्षणयुक्त/लक्षणरहित संवेदनशील आबादी की पहचान, शीघ्र निदान के लिए छाती के एक्स-रे द्वारा स्क्रीनिंग, सभी संभावित टीबी मामलों के लिए प्रारंभिक न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट (एनएएटी), समय पर उपचार की शुरुआत और उसे पूरा करना, उच्च जोखिम वाले टीबी मामलों के प्रबंधन के लिए विशिष्ट टीबी परिचर्या, पोषण सहायता और पात्र संवेदनशील आबादी को निवारक उपचार प्रदान करना शामिल है। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय पोर्टल पर पिछले पांच वर्षों में जम्मू और कश्मीर से अधिसूचित जिला-वार टीबी मामलों का विवरण **अनुलग्नक - IV** में दिया गया है।

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र सहित देश में स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों और मानव संसाधनों जिनमें डॉक्टर, विशेषज्ञ और नर्सिंग स्टाफ शामिल हैं, की उपलब्धता का, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित हेल्थ डायनेमिक्स ऑफ इंडिया (एचडीआई) (अवसंरचना एवं मानव संसाधन), 2023-24 में उपलब्ध है और इसे एचडीआई 2023-24 के निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है: https://www.mohfw-dohfw.gov.in/static/uploads/2026/05/57202cf30629539e4d0fb0a2f700ac62.pdf

अनुलग्नक I

पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26) के दौरान जम्मू और कश्मीर में प्रधानमंत्री-जेएवाई योजना के तहत अधिकृत अस्पताल भर्तियों का जिला-वार विवरण

क्र.सं.	जिले का नाम	अधिकृत अस्पताल भर्तियों की संख्या
1.	अनंतनाग	1,52,499
2.	बांदीपोरा	63,556
3.	बारामूला	1,67,555
4.	बडगाम	1,33,206
5.	डोडा	69,418
6.	गांदरबल	45,689
7.	जम्मू	2,10,408
8.	कठुआ	74,310
9.	किश्तवाड़	27,623
10.	कुलगाम	87,745
11.	कुपवाड़ा	1,01,537
12.	पुंछ	76,870
13.	पुलवामा	1,14,591
14.	राजौरी	72,407
15.	रामबन	44,628
16.	रियासी	53,228
17.	सांबा	41,440
18.	शोपियां	56,217
19.	श्रीनगर	1,97,433
20.	उधमपुर	81,836

अनुलग्नक – II

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में ई-संजीवनी के तहत टेलीकंसल्टेशन का जिला-वार विवरण

जिले	**टेलीकंसल्टेशन (जुलाई 2026 तक) एएएम टेलीकंसल्टेशन**	**आयुष्मान आरोग्य मंदिर जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में (एएएम-आयुष सहित) जुलाई 2026 तक संचालित**
अनंतनाग	137,565	217
बांदीपोरा	54,157	104
बारामूला	134,565	272
बडगाम	192,567	234
डोडा	64,046	169
गांदरबल	55,554	107
जम्मू	88,964	291
कठुआ	89,425	234
किश्तवाड़	13,410	78
कुलगाम	124,822	168
कुपवाड़ा	135,890	275
पुंछ	40,223	91
पुलवामा	95,125	143
राजौरी	180,423	158
रामबन	137,252	72
रियासी	52,844	75
सांबा	112,657	109
शोपियां	32,106	78
श्रीनगर	63,633	139
उधमपुर	80,134	160
	1,885,362	**3174**

अनुलग्नक–III

पिछले 5 वर्षों में आयोजित गहन इंद्रधनुष मिशन (आईएमआई) में लाभार्थियों के जिला-वार टीकाकरण की कुल संख्या

संघ राज्य क्षेत्र का नाम	जिले का नाम	आईएमआई-3 फरवरी 2021-अप्रैल 2021		आईएमआई-4 फरवरी 2022-मई 2022		आईएमआई-5 अगस्त 2023-अक्टूबर 2023	
		बच्चों का टीकाकरण	पीडब्ल्यू* का टीकाकरण	बच्चों का टीकाकरण	पीडब्ल्यू* का टीकाकरण	बच्चों का टीकाकरण	पीडब्ल्यू* का टीकाकरण
जम्मू और कश्मीर	अनंतनाग	0	0	4937	1483	7131	1542
	बांदीपोरा	691	497	0	0	1955	135
	बारामूला	0	0	0	0	6736	527
	बडगाम	0	0	3958	1021	7051	1609
	डोडा	0	0	0	0	6156	1436
	गांदरबल	0	0	0	0	2541	562
	जम्मू	0	0	0	0	9838	1622
	कठुआ	0	0	0	0	7275	1540
	किश्तवाड़	0	0	0	0	3153	355
	कुलगाम	0	0	0	0	3990	859
	कुपवाड़ा	0	0	0	0	3846	431
	पुंछ	0	0	0	0	11648	2977
	पुलवामा	0	0	0	0	4610	991
	राजौरी	0	0	0	0	6508	1050
	रामबन	380	98	0	0	5708	889
	रियासी	0	0	0	0	3463	723
	सांबा	0	0	0	0	1967	371
	शोपियां	0	0	0	0	1726	357
	श्रीनगर	0	0	0	0	5117	542
	उधमपुर	0	0	0	0	3457	517

स्रोत: आईएमआई रिपॉजिटरी डेटा।

*पीडब्ल्यू: गर्भवती महिलाएं

नोट: जिन जिलों का मान '0' है, वे उस दौर में आईएमआई का भाग नहीं थे।

अनुलग्नक – IV

टीबी मुक्त भारत अभियान

पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष में जम्मू और कश्मीर (जे एंड के) से अधिसूचित टीबी मामलों की जिला-वार, वर्ष-वार संख्या						
जिले	**2021 (जनवरी-दिसंबर)**	**2022 (जनवरी-दिसंबर)**	**2023 (जनवरी-दिसंबर)**	**2024 (जनवरी-दिसंबर)**	**2025 (जनवरी-दिसंबर)**	**2026 (जनवरी-जून)**
अनंतनाग	677	667	486	526	511	291
बड़गाम	118	114	93	100	70	43
बारामूला	686	603	417	457	408	208
डोडा	955	998	982	1094	1131	596
जम्मू	3209	3779	4001	4092	4301	2478
कठुआ	979	1162	1182	1286	1254	704
कुपवाड़ा	374	359	310	293	360	221
पुंछ	442	471	438	467	557	260
पुलवामा	224	169	162	144	127	70
राजौरी	681	736	695	756	774	340
श्रीनगर	1294	1420	1339	1508	1400	687
उधमपुर	1072	1135	1132	1255	1124	656
जम्मू और कश्मीर	**10711**	**11613**	**11237**	**11978**	**12017**	**6554**

*डेटा स्रोत: नि-क्षय पोर्टल (दिनांक 06.08.2026 तक की स्थिति के अनुसार)

******